उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001

फोन : 0522 - 2238846, 2236600, फैक्स : 0522-2237800

पत्रांक सं0 ....7724/17 | दिनांक 31/8/17

<u>अत्यंत महत्वपूर्ण / आवश्यक</u>

सेवा में,

प्रबंधक / प्रधानाचार्य,
समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

विषय– **<u>समस्त पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षणों में प्रवेशित अभ्यर्थियों के ऑन–लाइन इन्रोलमेन्ट के सम्बन्ध में दिशानिर्देश।</u>**

महोदय / महोदया,

आपको सूचित करना है कि प्रशिक्षण सत्र 2017–18 में प्रवेशित अभ्यर्थियों के संबंध में निम्नलिखित दिशा निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये–

1. इनरोलमेंन्ट पैनल 1 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक ऑन–लाइन इनरोलमेंन्ट हेतु खोला जायेगा, जिस पर आपके सेन्टर लॉग–इन पैनल द्वारा कार्यालय की वेबसाइट **www.upsmfac.org** पर दिनॉक **31 अक्टूबर 2017** तक किये जा सकेगें।
2. ऑन–लाइन इनरोलमेन्ट हेतु शैक्षिक प्रमाण–पत्रों (हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के रंगीन सार्टीफिकेट जो पठनीय हों) एवं प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित छात्र / छात्राओं के फोटो एवं हस्ताक्षर ब्लॉक आवश्यक रूप से अपलोड किये जायें।
3. शैक्षणिक सत्र में एक बार ही प्रवेश लिया जायेगा।
4. प्रवेशित छात्र / छात्राओं का इनरोलमेंट नंबर, नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि की सूची प्रशिक्षण केन्द्र के लेटर हेड पर इनरोलमेन्ट फार्म के साथ हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के अंकपत्र, प्रमाण पत्र छात्र / छात्राओं द्वारा स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न कर **15 नवम्बर** तक कार्यालय में शुल्क सहित जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उक्त तिथि के पश्चात् छात्र / छात्राओं के इनरोलमेंट फार्म किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेगें।
5. यदि किन्हीं कारणों से वेबसाइट नहीं खुल रही हो, तो समस्त दस्तावेज सहित **15 नवम्बर** तक व्यक्तिगत रूप से हस्तगत करवाये जायें।
6. अभ्यर्थी इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग (भौतिक विज्ञाान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान / गणित) से उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
7. प्रवेशित छात्र / छात्राओं के इनरोलमेन्ट करते समय सावधानी पूर्वक सभी सूचनाओं को भरें, ताकि किसी त्रुटि की संभावना न रहे।
8. पैरामेडिकल हेतु न्यूनतम आयु 31 दिसम्बर 2017 तक 17 वर्ष होनी चाहिये।

<u>पैरामेडिकल अभ्यर्थियों के इन्रोलमेन्ट सूची के साथ निम्नलिखित शुल्क जमा होंगे–</u>

- सम्बद्धता शुल्क सत्र 2017–18 का रू0 15000 / – प्रति विषय की दर से।
- नये प्रवेशित अभ्यर्थियों को आई0डी0 कार्ड कार्यालय द्वारा देने हेतु शुल्क रू0 250 / – प्रति अभ्यर्थी की दर से।
- प्रथम वर्ष की परीक्षा शुल्क रू0 2500 / – प्रति अभ्यर्थी की दर से।

<u>इस पत्र को अत्यन्त गंभीरता पूर्वक ग्रहण करें।</u>

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।